20034 - अल्कोहल युक्त माउथवॉश

प्रश्न

कुछ लोगों ने मुझे लिस्ट्रीन (Listerine) का उपयोग न करने की सलाह दी, जो एक प्रकार का माउथवॉश है और इसका कारण यह है कि उसमें अल्कोहल होता है।

यदि उसमें मौजूद अल्कोहल युक्त पदार्थ नशीली नहीं है, तो क्या उसके निषेध का कोई और कारण है, या कि उसका उपयोग करना जायज़ है?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

अगर इस माउथवॉश में मौजूद अल्कोहल युक्त पदार्थ नशीली नहीं है, तो इसका उपयोग करने में कोई बात नहीं है, यदि इसमें कोई हानि नहीं है, क्योंकि हराम केवल वही चीज़ है जो नशीली हो।

शैख सा'द अल-हुमैयिद।

इस मामले में, पेय को समग्र रूप से देखना चाहिए। यदि उसकी अधिक मात्रा नशा करती है, तो उसका थोड़ा हिस्सा (भी) हराम है।